**निर्वाची पदाधिकारी, 209–करगहर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र–सह–भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सासाराम।**

पत्रांक–351 / निर्वा0.

प्रेषक,

निर्वाची पदाधिकारी,
209–करगहर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र
–सह–
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सासाराम।

**सेवा में,**

**श्री प्रशांत किशोर,**
वरीय सदस्य, जन सुराज पार्टी।

दिनांक–28 / 10 / 2025

**विषयः–** **एक से अधिक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नाम दर्ज होने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र ''द इण्डियन एक्सप्रेस'' के कोलकाता–पटना संकरण में दिनांक–28.10.2025 को प्रकाशित खबर के अनुसार आपका नाम बिहार राज्य की निर्वाचक सूची एवं पश्चिम बंगाल की निर्वाचक सूची में दर्ज है। उक्त समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार पश्चिम बंगाल के भबानीपुर निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र–संत हेलेन स्कूल, बी०रानीशंकरी लेन में दर्ज है। साथ ही आपका नाम 209–करगहर विधान निर्वाचन क्षेत्र के भाग संख्या–367 (मध्य विद्यालय, कोनार, उ० भाग) क्र०सं०–621 में दर्ज है। करगहर निर्वाचन क्षेत्र में आपका मतदाता पहचान पत्र संख्या– IUI3123718 है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा–17 के अनुसार एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में किसी व्यक्ति रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जायेगा, उल्लंघन की स्थिति में जन प्रतिनिधिनित्व अधिनियम–1950 की धारा–31 के तहत एक वर्ष का करावास या जुर्माना या दोनो का प्रावधान है।

अतः एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में अपने नाम की प्रविष्टि के संबंध में तीन दिनों के अंदर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

28/10/25

निर्वाची पदाधिकारी,
209–करगहर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र
–सह–
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सासाराम।